**सुविचार**

हर सुबह खुद को एक नई उम्मीद दीजिए, जो भी सोचा है, उसे पूरा करने की ताक़त दीजिए।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 36 | पंचकूला। शुक्रवार, 13 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4





# पंजाब-ओंटारियो सहयोग को मिलेगा नया आयाम

## कृषि-खाद्य और डेयरी क्षेत्र में साझेदारी पर चर्चा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत की एसोसिएट मिनिस्टर ऑफ स्मॉल बिजनेस Nina Tangri के पंजाब दौरे के दौरान कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे उद्योगों के क्षेत्र में संभावित सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पंजाब राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन Bal Mukand Sharma ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि यह दौरा पंजाब और ओंटारियो के बीच आर्थिक, कृषि और व्यापारिक संबंधों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

बैठक में पंजाब सरकार के पशुपालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी विकास मंत्री Gurmeet Singh Khuddian भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पंजाब में डेयरी, पशुपालन और फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से नई तकनीक और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की साझेदारी से किसानों की आय बढ़ाने और कृषि आधारित उद्योगों को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

इस बैठक में समाजसेवी एवं उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि Arun Grover भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पंजाब में फूड प्रोसेसिंग, कृषि आधारित उद्योगों और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तकनीक और अनुभव का आदान-प्रदान हो तो इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी




मजबूती मिलेगी।

बैठक में पंजाब की खाद्य सुरक्षा में भूमिका पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पंजाब को देश का ÷फूड बाउल ऑफ इंडिया÷ कहा जाता है और राज्य भारत के केंद्रीय खाद्य भंडार के लिए गेहूं और चावल की आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह भूमिका राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों को मजबूत करने में अहम है।इस दौरान राज्य खाद्य आयोग की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों पर भी प्रकाश डाला गया। आयोग का गठन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत किया गया है और यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने, मिड-डे मील और पीएम पोषण जैसी योजनाओं की निगरानी करने, लाभार्थियों के अधिकारों की रक्षा करने तथा खाद्य वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रहा है।

### छोटे और मध्यम उद्योगों की भूमिका पर भी जोर

बैठक में छोटे और मध्यम उद्योगों की भूमिका पर भी जोर दिया गया। खाद्य प्रसंस्करण, कृषि आपूर्ति श्रृंखला, स्थानीय रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में इनकी अहम भूमिका बताई गई। साथ ही पंजाब और ओंटारियो के बीच कृषि-खाद्य नवाचार, फूड प्रोसेसिंग तकनीक, कोल्ड स्टोरेज और सप्लाई चेन मैनेजमेंट, उद्यमिता विकास, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रणाली तथा कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित उद्योग, बैंकिंग और कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिनमें नरेश घई, अशोक अरोड़ा, परमिंदर सिंह चलाकी (चेयरमैन, मिल्कफेड), सुखबीर सिंह निज्जर, बिक्रम बाजवा (आरबीआई सेवानिवृत्त), सुरेश कुमार गोयल (एसबीआई), डॉ. राकेश तुली (एनएबीएल), डॉ. एस. एस. मारवाहा, चौधरी अनिल सिंहमार, जसपाल सिंह सिद्धू, डॉ. तेजिंदर सिंह, डॉ. पॉल सिंह सिद्धू, बी. डी. अग्रवाल, जे. एस. यादव और डॉ. अशोक कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

बैठक के अंत में आशा व्यक्त की गई कि इस तरह के संवाद और सहयोग से पंजाब और ओंटारियो के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा कृषि-खाद्य, डेयरी और छोटे व्यवसायों के क्षेत्र में नई साझेदारियों के अवसर खुलेंगे। प्रतिनिधिमंडल को पंजाब की ओर से सफल और फलदायी यात्रा की शुभकामनाएं भी दी गई।

# फार्मेसी काउंसिल जल्द होगी पूरी तरह पेपरलेस : बीबी सिंगल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल को जल्द ही पूरी तरह पेपरलेस बनाया जाएगा। इसके लिए काउंसिल ने डिजिटलीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसे हरियाणा विधानसभा की तर्ज पर पूर्णतः पेपरलेस करने की योजना पर काम चल रहा है। इससे काउंसिल के कामकाज में तेजी आएगी और रिकॉर्ड को सुरक्षित तथा पारदर्शी तरीके से संभाला जा सकेगा।

काउंसिल के चेयरमैन बीबी सिंगल ने बताया कि हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल में अब तक लगभग 70 हजार फार्मासिस्ट पंजीकृत हो चुके हैं। इतने बड़े स्तर पर रिकॉर्ड और दस्तावेजों को व्यवस्थित रखने के लिए पूरे सिस्टम को डिजिटल बनाया जा रहा है। इसके लिए एक एजेंसी भी नियुक्त कर ली गई है, जो पुराने रिकॉर्ड और फाइलों को स्कैन करके सर्वर पर अपलोड करने का काम कर रही है।



उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद काउंसिल की सभी फाइलें डिजिटल माध्यम से संचालित होंगी। कोई भी फाइल रजिस्ट्रेशन के लिए आएगी वह सबसे पहले रिसेप्शन पर ली जाएगी। वहीं पर सभी दस्तावेज स्कैन करके सिस्टम अपलोड हो जाएंगे और उसके बाद आगे कर्मचारी उसे प्रोसेस करेंगे और सभी दस्तावेज जांचने के बाद उनकी रजिस्ट्रेशन को संबंधित अधिकारी द्वारा कर दिया जाएगा। उसके बाद रजिस्ट्रार के पास डिजिटल रिकार्ड के रूप में सुरक्षित रखी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर किसी भी फाइल को सिस्टम से तुरंत निकाला जा सकेगा। इससे कागजी फाइलों पर निर्भरता कम होगी और कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी।

### विशेष जॉब पोर्टल शुरू करने की योजना

चेयरमैन ने बताया कि काउंसिल भविष्य में फार्मासिस्टों के लिए एक विशेष जॉब पोर्टल भी शुरू करने की योजना बना रही है। इस पोर्टल के माध्यम से नौकरी देने वाले संस्थान और नौकरी तलाश रहे फार्मासिस्ट एक ही प्लेटफार्म पर जुड़ सकेंगे। इससे फार्मासिस्टों को रोजगार के अवसर ढूंढने में आसानी होगी और संस्थानों को भी योग्य उम्मीदवार मिलने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि काउंसिल ने पुराने लंबित मामलों को निपटाने की दिशा में भी तेजी से काम किया है। अधिकांश पुरानी पेंडेंसी को खत्म कर दिया गया है और लंबित फाइलों का निस्तारण किया जा चुका है। काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि जिन आवेदकों के दस्तावेज अधूरे हैं, उन्हें एक महीने का समय दिया जाएगा। लगभग 2000 आवेदक ऐसे हैं, जिनके रजिस्ट्रेशन के लिए आए दस्तावेज अधूरे हैं। उनके फार्म नंबर वेबपोर्टल पर अपलोड कर देंगे और जो आवेदक एक महीने के अंदर दस्तावेज को जमा करवा देंगे, उन्हें प्रोसेस कर देंगे, अन्यथा निर्धारित समय के बाद ऐसे मामलों को रद्द भी किया जा सकता है।

काउंसिल ने फार्मासिस्टों के पंजीकरण की प्रक्रिया को भी आधुनिक बनाने के लिए नया वेब पोर्टल लॉन्च कर दिया है। इस पोर्टल के माध्यम से अब फार्मासिस्ट आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के बाद आवेदकों को समय-समय पर उनके आवेदन की स्थिति के बारे में मैसेज के माध्यम से जानकारी दी जाती है। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद प्रमाणपत्र को ऑनलाइन अपलोड कर दिया जाता है, उस सर्टिफिकेट पर लगे क्यूआर कोड के माध्यम उसकी सत्यता को प्रमाणित किया जा सकेगा। इसके साथ ही आवेदकों को प्रमाणपत्र की फिजिकल कॉपी भी भेजी जा रही है।

# नाडा मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह राणा ने दिया इस्तीफा

**पंचकूला।** भाजपा के नाडा साहिब मंडल अध्यक्ष एवं अधिवक्ता सिद्धार्थ सिंह राणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल को सौंप दिया है। अपने पत्र में सिद्धार्थ सिंह राणा ने कहा कि अधिवक्ता के रूप में उनकी पेशेवर जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं। कोर्ट में कानूनी प्रैक्टिस और कार्यभार अधिक होने के कारण वह संगठन के इस महत्वपूर्ण पद को आवश्यक समय और ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। इसी कारण उन्होंने नाडा साहिब मंडल अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष के रूप में पार्टी की सेवा करना उनके लिए सम्मान और गौरव की बात रही है। इस दौरान उन्हें पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग, मार्गदर्शन और समर्थन मिला, जिसके लिए वह सभी के आभारी हैं। राणा ने यह भी स्पष्ट किया कि वह भाजपा की विचारधारा और सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं।

# फर्जी फर्म/ कंपनियां बनाकर पैसा किया जा रहा था ट्रांसफर, 100 से ज्यादा बैंक अकाउंट फ्रीज

» **मामले में अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार, 16 स्थानों पर की गई गहन छापेमारी**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 12 मार्च।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले की जांच में यह सामने आया है कि मुख्य आरोपियों ने कई फर्जी कंपनियां बनाकर सरकारी धन को अवैध रूप से विभिन्न खातों में ट्रांसफर किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सरकारी विभागों के खातों से इसे इन फर्जी कंपनियों के खातों में अनधिकृत रूप से भेजा जाता था। इन कंपनियों में R S Traders, Cap Co Fintech services., SRR Planning Gurus Pvt. Ltd. और Swastik Desh Project आदि शामिल हैं।

**एडीजीपी चारू बाली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जांच की जानकारी**

: यह जानकारी राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एडीजीपी श्रीमती चारू बाली ने दी। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस पंचकूला में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर उनके साथ एसपी गंगाराम पूनिया भी उपस्थित रहे। प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि दिनांक 23 फरवरी 2026 को एसवी एंड एसीबी थाना पंचकूला में IDFC First Bank तथा Small Finance Bank के अज्ञात कार्मिकों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) सहपठित 13(1)(ड्ड) तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब तक की जांच में 8 विभागों के 12 बैंक खातों की संलिप्तता सामने आई है, जिनमें से 10 खाते IDFC First Bank, सेक्टर-32 चंडीगढ़ और 2 खाते AU Small Finance Bank में संचालित थे।

### बैंक कर्मचारी समेत 11 आरोपी गिरफ्तार

मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें 6 बैंक कर्मचारी, 4 निजी व्यक्ति और एक सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। इनमें से 10 आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं जबकि एक आरोपी पुलिस रिमांड पर है। जांच के दौरान अब तक 16 स्थानों पर गहन छापेमारी की गई है।इस मामले में कुछ स्थानों से वीडियो फुटेज भी ली गई है। इस दौरान संपत्तियों की खरीद से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। साथ ही 25 से अधिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच साइबर फॉरेंसिक लैब की सहायता से की जा रही है। इसके अतिरिक्त 3 फॉर्च्यूनर, 2 इनोवा और 1 मर्सिडीज सहित 6 वाहन भी जब्त किए गए हैं।

# पंचकूला के विकास में फंड्स की कोई कमी नहीं : भारत हितैषी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** हरियाणा सरकार द्वारा पंचकूला के समग्र विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। पिछले 11 वर्षों में शहर का बहुमुखी विकास हुआ है। यह बता हितैषी फाउंडेशन के चेयरमैन भारत हितैषी ने भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया से मुलाकात के दौरान कही। भारत हितैषी ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पंचकूला के विकास को नई गति दे रही है। विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर से फंड की कोई कमी नहीं आने दी जा रही है और शहर को आधुनिक व सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं।

पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) के माध्यम से पंचकूला, कालका, पिंजौर और बरवाला को मिलाकर एकीकृत विकास योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत 143 गांवों



के पुनर्विकास पर काम किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच बुनियादी सुविधाओं की खाई को कम किया जा सकेगा। फंड्स की कोई कमी नहीं आई।

आधारभूत ढांचे के विकास पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। शहर में 24 नए सेक्टर विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा सेक्टर-5 में करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से राज्य स्तरीय संग्रहालय का निर्माण अंतिम चरण में है। साथ ही शहर की करीब 94 किलोमीटर लंबी सड़कों के सुधार और चौड़ीकरण का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके।

स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े प्रोजेक्ट सामने आए हैं। सेक्टर-32 और सेक्टर-5सी में दो बड़े अस्पताल विकसित किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। सेक्टर-3 में संयुक्त खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की है। इसके अलावा थापली क्षेत्र में वेलनेस और पंचकर्म केंद्र बनाने है। फैशन और डिजाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पंचकूला में निफ्ट की स्थापना की गई है। हरित और आधुनिक विकास के तहत सेक्टर-25 में 18 एकड़ क्षेत्र में एक मल्टी-फीचर पार्क विकसित किया जा रहा है। इस पार्क में बच्चों के लिए प्ले-स्टेशन, म्यूजिकल फाउंटेन और आधुनिक मनोरंजन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# इंडस्ट्री में एफएआर में असमानता पर पीसीसीआई चेयरमैन अरुण ग्रोवर ने एमडी को लिखा पत्र, सभी औद्योगिक प्लाटों पर एक समान दर लागू करने की मांग

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पंचकूला चेंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज (पीसीसीआई) के चेयरमैन अरुण ग्रोवर ने औद्योगिक प्लाटों पर लागू एफएआर (फ्लोर एरिया रेशो) नीति में कथित असमानता को लेकर हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। इस संबंध में पीसीसीआई की ओर से एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक डा. आदित्य दहिया को पत्र भेजकर नीति की समीक्षा कर सभी औद्योगिक प्लाटों पर एक समान दर लागू करने की मांग उठाई गई है।

पत्र में बताया गया है कि औद्योगिक प्लॉटों पर एफएआर नीति लागू करते समय अलग-अलग परिस्थितियों में तीन अलग-अलग दरें वसूली जा रही हैं, जो



औद्योगिक इकाइयों के साथ असमानता पैदा कर रही हैं। पीसीसीआई के अनुसार 30 जून 2016 से पहले आवंटित प्लॉटों पर एक दर, 1 जुलाई 2016 के बाद आवंटित प्लॉटों पर दूसरी दर तथा एचयूडीए से एचएसआईआईडीसी को ट्रांसफर हुए प्लॉटों पर तीसरी अलग दर लागू की जा रही है।

अरुण ग्रोवर ने कहा कि एक जैसे औद्योगिक प्लॉटों पर अलग-अलग दरें लागू होना न केवल अनुचित है बल्कि इससे उद्यमियों के बीच असमानता पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से औद्योगिक क्षेत्र में भ्रम की स्थिति बन रही है, निवेश और विस्तार की योजनाओं को झटका लग रहा है तथा अनावश्यक विवाद और प्रतिनिधित्व बढ़ रहे हैं।

पीसीसीआई ने यह भी उल्लेख किया है कि औद्योगिक विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य उद्योगों को बढ़ावा देना, कारोबार को आसान बनाना और विकासोन्मुख माहौल तैयार करना होता है। लेकिन मौजूदा व्यवस्था उद्योगों को प्रोत्साहित करने के बजाय उन्हें हतोत्साहित कर रही है।

पत्र में यह भी बताया गया है कि पीसीसीआई पहले भी 14 नवंबर 2025 और 12 फरवरी 2026 को इस विषय पर पत्र लिख चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन ने कर्नाटक और पंजाब जैसे राज्यों की नीतियों का हवाला देते हुए कहा कि वहां समान मामलों में एक समान और पारदर्शी नीति अपनाई गई है।

पीसीसीआई के चेयरमैन अरुण ग्रोवर ने एचएसआईआईडीसी से मांग की है कि इस मामले की प्राथमिकता के आधार पर जांच की जाए, एफएआर दरों में मौजूद असमानता खत्म की जाए और सभी औद्योगिक प्लॉटों के लिए एक समान व तार्किक दर संरचना लागू की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से उद्योग जगत का विश्वास मजबूत होगा और हरियाणा को एक प्रगतिशील औद्योगिक राज्य के रूप में और मजबूती मिलेगी। पीसीसीआई ने उम्मीद जताई है कि सरकार और एचएसआईआईडीसी इस मुद्दे पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर औद्योगिक क्षेत्र को बड़ी राहत देंगे।

# पिछली सरकारों ने एक दशक से अधिक समय तक युवाओं को नौकरियों से रखा वंचितः मान

## 'आप' सरकार ने केवल चार वर्षों में मेरिट के आधार पर बिना रिश्वत के 65,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दीं

पंचकूला ऑब्जर्वर







**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'मिशन रोजगार' पहल के तहत आज विभिन्न विभागों में भर्ती हुए 818 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, जिससे पिछले चार वर्षों में पंजाब सरकार द्वारा दी गई सरकारी नौकरियों की संख्या बढ़कर 65,264 हो गई है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस उपलब्धि को पंजाब के युवाओं के लिए पारदर्शी और मेरिट के आधार पर रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, आज विभिन्न विभागों में 818 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनमें बिजली विभाग में 459, स्थानीय निकाय विभाग में 215, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 129 तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग में 15 प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार अब तक पूरे राज्य में युवाओं को 65,264 सरकारी नौकरियाँ दे चुकी है।

सरकार द्वारा लगातार रोजगार सृजन पर ध्यान देने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली विभाग में इस समय 1,750 और उम्मीदवारों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जो जून 2026 तक पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ये सभी नौकरियाँ पूरी तरह योग्यता, पारदर्शिता और बिना किसी सिफारिश के दी गई हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्षता के कारण कई उम्मीदवारों को विभिन्न विभागों में एक से अधिक नौकरियाँ भी मिली हैं।

साल 2022 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दशक से अधिक समय तक पंजाब के युवाओं को लगातार सरकारों द्वारा सरकारी नौकरियों से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लगभग एक दशक से अधिक समय तक पंजाब के युवाओं को सरकारी नौकरियाँ नहीं दी गईं। इन सरकारों ने हमारी पीढ़ियों का भविष्य बर्बाद कर दिया, इसलिए वे किसी भी तरह की सहानुभूति के हकदार नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि पद संभालने के बाद पंजाब सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन रोजगार शुरू किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने राज्य के हर गाँव, कस्बे और शहर में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए हैं। उन्होंने नव-नियुक्त युवाओं को ईमानदारी, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, आज से ये युवा सरकार के परिवार का हिस्सा बन गए हैं और मिलकर हम पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

नए भर्ती हुए युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सफलता अपने भीतर कई कहानियाँ समेटे होती है, जबकि असफलता का कोई किस्सा नहीं होता। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और लगन हर व्यक्ति की सफलता की कुंजी हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, यह गर्व और संतोष की बात है कि पंजाब में हर दिन सरकारी नौकरियों के लिए कोई न कोई परीक्षा आयोजित की जा रही है, जो युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोल रही है। उन्होंने कहा कि हर सरकारी अधिकारी पंजाब की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं को नौकरी देना कोई एहसान नहीं है, बल्कि उनकी प्रतिभा और योग्यता के आधार पर उन्हें सही अवसर देना है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, इन युवाओं को पूरी तरह योग्यता के आधार पर नौकरियाँ मिली हैं। उन्होंने युवाओं से सरकारी व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बनने और मिशनरी भावना के साथ लोगों की सेवा करने की अपील की। भर्ती हुए युवाओं को समाज की भलाई के लिए काम करने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि वे अपने पदों का उपयोग जरूरतमंद और वंचित वर्गों की सहायता के लिए करेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और कड़ी प्रतिस्पर्धा के माध्यम से की गई है। उन्होंने नए भर्ती हुए युवाओं से लोगों की अधिकतम भलाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया ताकि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पंजाब सरकार सरकारी खजाने के हर एक पैसे का उपयोग लोगों की भलाई के लिए कर रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब के 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है और किसानों को अब दिन के समय बिजली मिल रही है, जो एक मिसाल है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, एक ऐसे समय में जब देश की संपत्तियां केंद्र सरकार द्वारा अपने चहेतों को मामूली कीमतों पर सौंपी जा रही थीं, उस समय पंजाब सरकार ने एक निजी थर्मल प्लांट खरीदकर इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की भलाई के लिए पंजाब सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री मावां-धियां सत्कार योजना' के तहत सामान्य वर्ग की 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये और अनुसूचित जाति की महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये वित्तीय सहायता के रूप में दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, आम लोगों, खासकर गरीबों के लिए 1,000-1,500 रुपये बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस सहायता को माताओं और बेटियों के सम्मान का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने टिप्पणी की कि जो लोग इस योजना का मजाक उड़ा रहे हैं या बेबुनियाद सवाल उठा रहे हैं, वे आम नागरिकों के लिए 1,000 रुपये के महत्व को समझने में असफल हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, जो लोग अवैध तरीके से कमाए गए पैसे से एक बार के भोजन पर 5,000 रुपये से अधिक खर्च कर देते हैं, वे 1,000 रुपये की कीमत को नहीं समझ सकते, जो उन लोगों के लिए बड़ी वित्तीय सहायता है जिन्हें त्योहारों पर भी काम करने जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अमीर नेता और उनके परिवार आम घरों के लिए इस सहायता के महत्व को नहीं समझ सकते। समारोह स्थल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भले ही इसे विकास भवन कहा जाता है, लेकिन यहां से बड़ी संख्या में नौकरियां मिलने के कारण इसका नाम 'अपॉइंटमेंट लेटर भवन' रखा जा सकता है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, यह बहुत गर्व और संतोष की बात है कि 65,000 से अधिक युवाओं को केवल योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।

उन्होंने कहा कि यह पंजाब के लिए एक सकारात्मक संकेत है कि अब पंजाब में सरकारी नौकरियां पाने के लिए विदेशों से युवाओं की वापसी का रुझान देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी टिप्पणी की कि पारंपरिक पार्टियां पंजाब सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए जन-केंद्रित शासन मॉडल से असहज महसूस कर रही हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ये पार्टियां सत्ता के लिए कुर्सी की राजनीति करती थीं और लोगों व देश को लूटने के लिए बारी-बारी से शासन करती थीं। उन्होंने आगे कहा कि यह राजनीति तब खत्म हुई जब पंजाब के लोगों ने मौजूदा सरकार को बड़ा जनादेश दिया, जिससे जनहितकारी पहलों की एक श्रृंखला शुरू हुई।

### एलपीजी गैस संकट को लेकर पंजाब सरकार अलर्ट

मोहाली। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध से जुड़ी चिंताओं और एलपीजी सिलेंडरों की संभावित कमी के बारे में फैल रही अफवाहों के मद्देनज़र पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि पंजाब सरकार पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को आवश्यक वस्तुओं तक पहुंच के संबंध में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार किसी भी हालत में तनाव पैदा करने, जमाखोरी करने या उपभोक्ताओं के शोषण की अनुमति नहीं देगी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के कारण देशभर में एलपीजी की संभावित कमी के बारे में अफवाहें तेजी से फैल रही हैं, जिससे जनता में अनावश्यक चिंता और तनाव पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा, खाड़ी देशों में युद्ध के कारण एलपीजी सिलेंडरों की कमी की अफवाहें फैलाई जा रही हैं। पंजाब सरकार पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। सभी डिप्टी कमिश्नरों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी न आए और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। स्थिति का फायदा उठाने की कोशिशों के खिलाफ चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में हेरफेर करने या कृत्रिम कमी पैदा करने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, यदि कोई भी आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी करके या कमी की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी या निर्धारित कीमत से अधिक पैसे वसूलने को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को बाजार पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यदि कोई भी एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी करने या निर्धारित कीमत से अधिक राशि वसूलने में शामिल पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने के संबंध में यह मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है, ताकि आने वाले दिनों में आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने दोहराया कि पंजाब सरकार नागरिकों के हितों की रक्षा करने और आवश्यक वस्तुओं को जनता के लिए आसानी से उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### मोदी सरकार ने देश की संप्रभुता को ठेस पहुंचाई : हरभजन सिंह ई.टी.ओ.

**चंडीगढ़।** अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले से उत्पन्न स्थिति के संबंध में पंजाब विधानसभा में पेश किए गए प्रस्ताव पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने देश की संप्रभुता को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि जब पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बने थे, तब अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने स्तर पर ही यह घोषणा कर दी थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि अब जब अमेरिका और इज़राइल ने संयुक्त रूप से ईरान पर हमला किया, जिसके कारण तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई, तो अमेरिका ने भारत को रूस से 30 दिनों के लिए तेल खरीदने की अनुमति देने की बात कहकर हमारे देश की गणतांत्रिक गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से भारत को अंदर से कमजोर करने के लिए देश की बड़ी-बड़ी संस्थाओं को अपने पसंदीदा औद्योगिक घरानों को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हमारे संवैधानिक सिद्धांतों को पूरी तरह से तिलांजलि दे दी है। उन्होंने कहा कि भारत की गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नीति ने पूरी दुनिया में भारत की एक अलग पहचान स्थापित की थी, लेकिन अब केंद्र सरकार ने अमेरिका और इज़राइल के पक्ष में खड़े होकर भारतीय जनता के हितों को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा हालात के कारण जहां तेल और गैस का संकट पैदा हो रहा है, वहीं सड़कों के निर्माण के लिए जरूरी लुक की भी कमी उत्पन्न हो गई है।

### गगनदीप सिंह काकू आहलूवालिया ने खादी बोर्ड के चेयरमैन का पद संभाला

**चंडीगढ़।** पंजाब खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नव-नियुक्त चेयरमैन श्री गगनदीप सिंह काकू आहलूवालिया ने आज चंडीगढ़ स्थित बोर्ड के मुख्य कार्यालय में अपना पदभार संभाल लिया। इस अवसर पर राजबीर सिंह घुम्मण (ओएसडी, मुख्यमंत्री पंजाब), मोहिंदर भगत (कैबिनेट मंत्री), इंदरजीत कौर मान (विधायक नकोदर), दिनेश ढल्ल, नितिन कोहली, महाराज बंसी दास, बाबा परगट नाथ, वनीत धीर (मेयर), मंगल सिंह बस्सी (स्टेट चेयरमैन, पंजाब एग्रो), अब्दुल बारी सलमानी (स्टेट चेयरमैन, मुस्लिम विकास बोर्ड), काउंसलर दीपक शारदा, समाजसेवी मास्टर गौरव, रोबिन सांपला, करण मली, नरवैल कंग, काउंसलर अमित ढल्ल, जगदीश समराए, सतनाम सिंह, बब्बू थापर, चेयरमैन लखवीर सिंह, जसवीर सिंह, पूजा सिंह और हरपाल सिंह चड्ढा, वाइस चेयरमैन पवन हंस सहित बोर्ड के अधिकारी, कर्मचारी तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक हस्तियां भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर संबोधित करते हुए चेयरमैन गगनदीप सिंह काकू आहलूवालिया ने कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब में खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की सोच के प्रतीक के रूप में खादी केवल एक वस्त्र नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और ग्रामीण विकास की विचारधारा का प्रतीक है। ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहित करके पंजाब के समग्र विकास को और तेज किया जा सकता है।

### गैस सिलेंडर की किल्लत और महंगाई ने लोगों को मुश्किल में डाला: रणजीत पाल सिंह

**मोहाली।** पंजाब ट्रेडर्स कमीशन, मोहाली के चेयरमैन रणजीत पाल सिंह ने कहा कि देश में गैस सिलेंडर की बढ़ती किल्लत और कीमतों में बढ़ोतरी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की विदेश नीति के विफल होने के कारण ही आज देश में पेट्रोलियम उत्पादों के स्टॉक को लेकर स्पष्टता नहीं है। उन्होंने बताया कि कम स्टॉक का हवाला देकर घरेलू गैस की कीमतें बढ़ा दी गई हैं और कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। घरेलू सिलेंडरों की सप्लाई से लेकर कारोबार तक सभी को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही छोटे से लेकर बड़े कारोबारियों तक हर वर्ग इस समस्या से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की किल्लत अब एक बड़ा संकट बनती जा रही है, जिससे देशभर में आम आदमी की जिंदगी और व्यापार पर असर पड़ रहा है। रणजीत पाल सिंह ने केंद्र सरकार से मांग की कि देश में पेट्रोलियम, और गैस के मौजूदा स्टॉक के बारे में लोगों को स्पष्ट जानकारी दी जाए और गैस सिलेंडर की समस्या का जल्द समाधान निकाला जाए, ताकि आम लोगों और व्यापारियों को राहत मिल सके।

# आप नेताओं को झूठे आरोपों के तहत जेल भेजा गया, लेकिन अदालत ने सभी आरोप खारिज कर दिए : केजरीवाल

### मान बोले-केजरीवाल और अन्य 'आप' नेताओं के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप झूठे निकले और अदालत ने मुकदमा चलाने से भी इनकार कर दिया

पंचकूला ऑब्जर्वर



**अमृतसर।** अदालत द्वारा दिल्ली शराब मामले में लगे सभी आरोपों को खारिज करने और 'कट्टर ईमानदार' के रूप में अपनी ईमानदारी की छवि बनाए रखने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी के साथ सच्चखंड श्री हरिमंदिर साहिब में नतमस्तक होकर अरदास की और वाहेगुरु का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और उनकी पत्नी समेत अन्य सम्मानित व्यक्तियों ने भी दरबार साहिब में माथा टेका।

इस अवसर पर आप सुप्रीमो ने कहा कि आप की लीडरशिप पर झूठे आरोप लगाकर और राजनीतिक कीचड़ उछालने की सोची-समझी मुहिम चलाई गई थी, जिसके तहत पार्टी के पांच प्रमुख नेताओं को फर्जी आरोपों के तहत कैद किया गया था। उन्होंने कहा कि एक वर्तमान मुख्यमंत्री को भी आधी रात में उनकी रिहायश से घसीटकर जेल में डाल दिया गया था, लेकिन अदालत ने मुकदमा चलाने के लिए जरूरी सबूतों की कमी के कारण सभी आरोपों को रद्द कर दिया और उन्हें पूरी राहत प्रदान की। मीडिया से बातचीत के दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, यह वाहेगुरु की कृपा और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। मैं पहले भी कई बार दरबार साहिब आया हूं और वाहेगुरु का आशीर्वाद लिया है। अब जब हमारा सम्मान बहाल हो गया है और हम सभी आरोपों से मुक्त हो गए हैं, आज मैं, मेरी पत्नी, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और उनकी पत्नी हमारे परिवारों समेत वाहेगुरु के सामने नतमस्तक होने और शुक्रिया अदा करने आए हैं। वाहेगुरु हमारा मार्गदर्शन करते रहें और हम पर अपनी असीसें बरसाते रहें। वाहेगुरु ने हमें लोगों की सेवा करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है और हम उसी भावना से लोगों की सेवा करते रहेंगे। आप सुप्रीमो ने कहा, पिछले चार सालों से हमारी सरकार द्वारा पंजाब में महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। सरकार ने स्कूलों, अस्पतालों, स्वास्थ्य देखभाल के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं और अब महिलाओं की भलाई के लिए कदम उठाए गए हैं। जब हमें लोगों का आशीर्वाद मिलता है तो ही हमारे जैसे आम लोग सब कुछ हासिल करने के योग्य होते हैं। वरना, ऐसे ताकतवर लोगों के सामने हमारे जैसे आम लोगों का कोई स्टैंड नहीं होता। हम मजबूती से खड़े होने के योग्य हैं क्योंकि वाहेगुरु की असीसें हमारे साथ हैं और हम सच्चे रास्ते पर चल रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा, पंजाब में अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। अगर हम चार वादे करें और बदले में सात या आठ काम कर दें तो यह महानता को दर्शाता है। लेकिन आठ वादे करके सिर्फ चार पूरे करने में कोई महानता नहीं है। हमने जो सभी वादे किए थे, वे पूरे हो गए हैं। अगले साल के लिए मान साहिब और उनकी पूरी टीम द्वारा व्यापक योजना तैयार की गई है। अब पंजाब को अगले स्तर पर ले जाना है। बुनियादी ढांचे और युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए अभी बहुत काम बाकी हैं। शुक्रवार से पंजाब निवेशक सम्मेलन शुरू हो रहा है और अब बहुत सारे उद्योग पंजाब में आने शुरू हो गए हैं। देश भर के बड़े उद्योगपति पंजाब में निवेश करने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। पंजाब के तीन करोड़ लोगों के साथ मिलकर हम सूबे को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स हैंडल पर यह भी लिखा, गुरुवार को भगवंत सिंह मान और मैं अपने परिवारों सहित श्री सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में नतमस्तक हुए। मेरे और मेरी पार्टी के कई नेताओं पर झूठे आरोप लगाए गए थे। अदालत ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया और स्पष्ट रूप से कहा कि मुकदमा चलाने के लिए ये सबूत काफी नहीं हैं। सच की यह जीत वाहिगुरु की कृपा के बिना संभव नहीं थी। सच के मार्ग पर चलने वालों को हमेशा गुरु का आशीर्वाद मिलता है।

इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, हाल के दिनों में दिल्ली की एक अदालत द्वारा सच्चाई का फैसला आया है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगाए गए आरोप, जिसके लिए उन्हें जेल भेजा गया था, पूरी तरह से झूठे थे। अदालत ने कहा कि मुकदमा जारी रखने के लिए ये सबूत काफी नहीं थे। वे यह नहीं कह रहे हैं कि नेताओं को मुकदमे के बाद बरी कर दिया गया है, बल्कि वे कह रहे हैं कि मामला कभी शुरू ही नहीं हुआ और कोई ट्रायल ही नहीं हुआ। इसलिए आप के लिए सच की इस किरण के लिए शुक्रिया अदा करने के लिए हम आज अपना सिर झुकाने और प्रार्थना करने आए हैं। मान ने कहा कि हमने पंजाब के लिए चढ़दी कला और सभी की भलाई के लिए अरदास की है और परमात्मा से प्रार्थना की है कि वे हमें लोक सेवा की जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए बल और ताकत प्रदान करें। हमारी सरकार के लगभग चार साल पूरे होने वाले हैं और बजट सत्र भी चल रहा है। पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाने और इसके विकास के लिए लोक-पक्षीय बजट पेश किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस संकल्प के साथ कि हम सभी पंजाब को अग्रणी राज्य बनाने में तहे दिल से योगदान देंगे, हम आज अपने परिवारों सहित परमात्मा का धन्यवाद करने आए हैं।

### सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में दो आरोपियों को जमानत, पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को मिली राहत



**नई दिल्ली** देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने चर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में नामजद दो आरोपियों पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को जमानत दे दी है। अदालत के इस फैसले के बाद मामले ने एक बार फिर सुर्खियां बटोर ली हैं। हालांकि, इस निर्णय पर मूसेवाला के परिवार की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। दरअसल, यह राहत पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को मिली है, जिन्हें पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में आरोपी बनाया गया था। दोनों आरोपी अब तक पंजाब की गोबिंदगढ़ जेल में बंद थे और लंबे समय से जमानत के लिए कानूनी प्रयास कर रहे थे। गौरतलब है कि 29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले के जवाहरके गांव में अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े सिद्धू मूसेवाला पर गोलियां बरसाकर उनकी हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। पुलिस जांच के दौरान पवन बिश्नोई पर आरोप लगाया गया था कि उसने हमलावरों को राजस्थान नंबर की बोलेरो गाड़ी उपलब्ध करवाई थी, जबकि जगतार सिंह पर गायक की गतिविधियों की रेकी करने का आरोप है। इससे पहले दोनों आरोपियों ने जमानत के लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था, लेकिन वहां से उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें जमानत देने का आदेश दिया। उधर, इस बहुचर्चित मामले की सुनवाई मानसा की अदालत में जारी है। अब तक कई गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। गायक के पिता बलकौर सिंह की गवाही भी अदालत में चल रही है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च 2026 तय की है।

# उत्पादन में गिरावट, खपत और आयात बढ़ने से 'आत्मनिर्भर' दावे का पर्दाफाश : अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रधान अमन अरोड़ा ने आज भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए इसे विदेशी और घरेलू मामलों में पूरी तरह विफल करार दिया। सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच स्पष्ट अंतर को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को 'विश्व गुरु' और 'आत्मनिर्भर' बनाने के दोनों वादे खोखले साबित हुए हैं। पंजाब विधानसभा में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक्क द्वारा पेश किए गए निंदा प्रस्ताव में भाग लेते हुए अमन अरोड़ा ने आज के अखबारों में सामने आ रहे विरोधाभास की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, अखबारों में एक ओर गैस एजेंसियों के बाहर किलोमीटर लंबी कतारों की खबरें थीं, हजारों होटल बंद होने की कगार पर पहुंच चुके हैं, अनगिनत शादियां रद्द हो रही हैं और हमारी माताएं-बहनें अपनी रसोई को लेकर चिंतित हैं। वहीं दूसरी ओर भारत सरकार का 'आपका घर हमारी पहली प्राथमिकता' शीर्षक के तहत पूरे पन्ने का विज्ञापन छपा हुआ था, जो केवल लोगों को दिलासा देने की कोशिश जैसा लगता है। असलियत यह है कि ऐसा विज्ञापन जारी करके उन्होंने खुद स्वीकार किया है कि स्थिति गंभीर है और दिन-प्रतिदिन और गंभीर होती जा रही है। उन्होंने सदन को 2014 से पहले के नरेंद्र मोदी के चुनावी भाषणों की याद दिलाई, जिनमें देश को आत्मनिर्भर बनाने और दुनिया का नेतृत्व करने की बात कही जाती थी। उन्होंने कहा, चौदह साल पहले वे घोषणा करते थे कि 140 करोड़ भारतीय दुनिया का नेतृत्व करेंगे और हमें कभी आयात की जरूरत नहीं पड़ेगी। आज देखिए हम कहां खड़े हैं। वे भारत को विश्व गुरु बनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने में बुरी तरह असफल रहे हैं। श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि 12 वर्ष सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा नेतृत्व वाली सरकार अभी तक मित्र और विरोधी में फर्क नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि एक-एक करके लगभग सभी पड़ोसी देश भारत से दूर होते गए हैं और चीन के साथ उनकी नजदीकियां बढ़ रही हैं, जो विदेश नीति की असफलता को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के हालिया इज़राइल दौरे पर भी सवाल उठाते हुए कहा, वे इज़राइल जाते हैं, वहां प्रधानमंत्री नेतन्याहू को गले लगाते हैं और अगले ही दिन अमेरिका और इज़राइल ईरान की शीर्ष राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व पर कार्रवाई कर देते हैं। उन्होंने सदन को अमेरिका-इज़राइल द्वारा एक स्कूल पर किए गए भयावह हमले की भी याद दिलाई, जिसमें सैकड़ों बच्चों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि इस घटना पर भी प्रधानमंत्री की ओर से उन मासूम बच्चों के लिए कोई शब्द नहीं कहा गया। केंद्र सरकार के 12 वर्षों के आंकड़ों का हवाला देते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2012 में 40.68 बीसीएम से घटकर 2024 में 35 बीसीएम रह गया है, जबकि इसी अवधि में खपत 47 बीसीएम से बढ़कर 69 बीसीएम हो गई है। इसी तरह कच्चे तेल का घरेलू उत्पादन 2013-14 में 37 मिलियन मीट्रिक टन से घटकर 2023-24 में 29 मिलियन मीट्रिक टन रह गया है, जबकि खपत 158 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर 233 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है।

उन्होंने कहा कि भारत की एलपीजी आयात निर्भरता 2014 में 45 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 66 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा, यही उनका 'आत्मनिर्भर भारत' है! आज हम अपनी रसोई गैस का दो-तिहाई हिस्सा आयात करते हैं। उत्पादन घट रहा है, खपत तेजी से बढ़ रही है और वे आत्मनिर्भरता की बात करते हैं। यह आत्मनिर्भरता नहीं बल्कि बढ़ती निर्भरता है। अमन अरोड़ा ने अमेरिका में एक बड़े रिफाइनरी समझौते का भी जिक्र किया, जिसे भारत की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के एक ट्वीट का हवाला दिया, जिसमें भारत और रिलायंस के जबरदस्त निवेश के लिए धन्यवाद देते हुए कहा गया कि इससे वैश्विक निर्यात को मजबूती मिलेगी और अमेरिका में ईंधन तथा रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मंत्री ने कहा, एक ओर देश के 140 करोड़ लोग एलपीजी सिलेंडरों के लिए कतारों में खड़े हैं। दूसरी ओर उनका 'सबसे अच्छा दोस्त' अमेरिका के साथ अरबों डॉलर का रिफाइनरी समझौता किया जा रहा है। एक तरफ हमारी माताएं रोटी नहीं पका पा रही हैं और दूसरी तरफ भारतीय धन से दुनिया को तेल देने के लिए रिफाइनरियां बनाई जा रही हैं।

## एक नजर

### हनुमान गौशाला को मिलने वाली सुविधा सराहनीयः सत्यानंद

**लाडवा.** अखंड हनुमान गौशाला के संचालक स्वामी सत्यानंद महाराज ने कहा कि अपनी इच्छा से सासंदों व विधायकों द्वारा सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को छोड़कर सराहनीय कार्य कर रहे है। यदि यह सांसद व विधायक सरकार से मिलने वाली पैंशनों व भत्तों को छोडने़ की बजाए उनको मिलने वाले इस पैसे को अपने-अपने हलकों की गौशालाओं में दिया जाए तो एक भी गौवंश सड़कों पर व भूख से नहीं मरेगी। क्योंकि अधिकतर गौशालाएं सरकार से मिलने वाली ग्रांट के साथ-साथ कुछ दानी सज्जनों के सहयोग से चल रही है, जिनको गौशाला संचालकों के सामने चलाना बड़ा कठिन काम है। गौशालाओं में सरकारी ग्रांट मिलने की खबरों से अब दानी सज्जन गौशालाओं को दान करना भी कम कर गए है ऐसे में गौशाला संचालकों के सामने गौशालाएं चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रदेश के सभी सासंदों व विधायकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी सांसद व विधायक अपनी इच्छा से सरकार से मिलने वाले पैशन व भत्ता छोडऩा चाहता है तो वह इसे अपने हलके की गौशालाओं में देकर पूण्य के भागीदार भी बन सकते है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर दूसरे दिन जारी




**रादौर.** शहर के मुकंदलाल नेशनल कॉलेज की ओर से गांव घेसपुर में जारी सात दिवसीय एनएसएस शिविर दूसरे दिन भी जारी रहा। शिविर के दूसरे दिन वीरवार को एनएसएस प्रभारी, कॉलेज स्टाफ व सभी स्वयंसेवकों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य ग्रामीण को निशुल्क चिकित्सा शिविर के बारे में जानकारी देना और अधिक से अधिक लोगों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करना था। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य जांच और निशुल्क दवाइयां की सुविधा के बारे में बताया। उन्होंने शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद स्वराज देवी हॉस्पिटल रादौर से डॉ वैशाली, डॉ राकेश, डॉ अल्केश व डॉ रविंद्र की टीम गांव में पहुंची और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। जिसमें 170 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों तथा ग्रामीणों का आंखों की जांच, डायबिटीज शुगर की जांच, हीमोग्लोबिन एचबी टेस्ट व सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों ने लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, संतुलित आहार लेने, साफ सफाई बनाए रखना व नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर गांव के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं और भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

### एलपीजी की भारी किल्लत, शादी सीजन में जनता परेशान

**समालखा.** हल्के में रसोई गैस (एलपीजी सिलेंडर) की भारी कमी के चलते बुकिंग काउंटर पर लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है। लोगो कों घंटों लाइन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। राज्य में घरेलू और कमर्शियल दोनों स्तर पर गैस की आपूर्ति ठप पड़ गई है, जिससे आम जनता का जीवन दूभर हो गया है। पहले रसोई गैस की बढ़ती कीमतें और अब सिलेंडर की आपूर्ति की किल्लत है। दूसरी और शहर में गैस की कालाबाजारी जोरो पर हैं। ब्लैक में गैस की कीमत आसमान छू रही है। मुनाफाखोर गैस की कालाबाजारी कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। मुनाफाखोरों के द्वारा प्रति सिलेंडर 2000 से 3000 तक बेचा जा रहा है। एलपीजी गैस किल्लत का असर हरियाणा समेत छोटे छोटे शहरों में साफ दिखाई दे रहा हैं। जिस वजह से हालात दिनों-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। गरीब और मध्यम वर्ग की रसोई पर सीधा हमला हो रहा है। पहले ही रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर सरकार ने लोगों को भारी आर्थिक चोट दी और अब गैस सिलेंडर की किल्लत ने लोगों को घंटों लाइन में लगने और कई-कई दिनों तक इंतजार करने को मजबूर कर दिया है। लोगों की शिकायत है कि वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों को लेकर परेशानी बढ़ रही है। जमीनी स्तर पर व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता कम होने से कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। हरियाणा के लगभग हर जिले में गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतार देखी जा रही है। इस दौरान आमजन नें मांग करी कि हाल में एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए और उपभोक्ताओं को समय पर पर्याप्त गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उपभोक्ताओं नें केंद्र एवं राज्य सरकार से तुरंत कालाबाजारी पर रोक लगाने, घरेलू व कमर्शियल गैस की सप्लाई सुचारु रूप से बहाल करके जनता को राहत देने की भी मांग की।

### अनाज मंडी में मिला युवक का शव

**बराड़ा.** अनाज मंडी परिसर में गुरुवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब वहां एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मृतक की पहचान अंबाला के कोहला निवासी 38 वर्षीय प्रिंस के रूप में हुई है, जो पेशे से रंग-रोगन का काम करता था. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमएम मेडिकल कॉलेज, मुलाना में पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, युवक काम के सिलसिले में क्षेत्र में सक्रिय था। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की छानबीन कर रही है।

### मोहम्मद अली हत्याकांड में तीसरा आरोपी काबू

**टोहाना.** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के मार्गदर्शन में पुराने व लंबित आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जून 2023 के चर्चित मोहम्मद अली उर्फ काला हत्याकांड मामले में तीसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनूप सिंह पुत्र जगबीर सिंह निवासी गांव मनाना (समालखा), जिला पानीपत के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 30 जून 2023 को दर्शना निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना ने शिकायत दी थी कि उनका बेटा मोहम्मद अली उर्फ काला, जो पेशे से ड्राइवर था, 24 जून 2023 से लापता है। इस शिकायत पर थाना शहर टोहाना में पहले धारा 346 आईपीसी के तहत गुमशुदगी का मामला अभियोग संख्या 360/2023 दर्ज किया गया था। मामले की गहन जांच, तकनीकी साक्ष्यों (सीसीटीवी फुटेज) के विश्लेषण तथा मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि मोहम्मद अली की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद मामले में धारा 302, 297, 201 व 34 भा.दं.सं. की धाराएं जोड़ी गईं।

# मुख्यमंत्री काफिले की कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए लगी ब्रेक

पंचकूला ऑब्जर्वर

**निसंग.** सीएम ने काफिला रोक पूछा कार्यकर्ताओं का हालचाल,कहा, सब कुशल मंगल तो है, कोई सामूहिक काम हो तो सीधे मिलकर बता देना करनाल से कैथल जा रहे सीएम नायब सिंह सैनी का काफिला श्री सनातन धर्म शिव मंदिर निसिंग के पास रुका। जहां पहले से खड़े बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। करीब पांच मिनिट तक रुके सीएम ने कार्यकर्ताओं का हाल चाल पूछा। सुरक्षा को साइड करके कार्यकर्ताओं से हाथ मिलाया। सभी कार्यकर्ताओं से सबका परिचय जान स्वागत स्वीकारा।

केवल पांच मिनिट में ही सीएम साहब कार्यकर्ताओं में खुशी और जोश भर गया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर पार्टी के पास धन की कोई कमी नही है । सामूहिक विकास कार्यों को सर्वप्रथम प्राथमिकता रहेगी। पार्टी का एजेंडा सबका साथ सबका विकास रहा है और रहेगा। मनसा सिंह (जॉनी राणा) मंडल अध्यक्ष अपने समस्त साथियों के साथ पहुंचे। मंडल? अध्यक्ष मनसा सिंह ने सीएम को



पार्टी का मफलर पहनाया। वहीं जनक राज पोपली, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल गुनियाना, सुरेंद्र टाया गोहिदा, कृष्ण सैन भाजपा यमुनानगर प्रभारी(नपा पार्षद), नपा पार्षद लवकुश जांगड़ा, चिराग शर्मा व शिव मंदिर प्रधान लाला रोशन लाल गोयल सहित अन्य ने सीएम को फूल मालाएं पहनाई। उन्होंने जाते जाते हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार किया। पांच मिनिट बाद सीएम काफिले के साथ कैथल रवाना हुए। मनसा सिंह ने कहा कि सीएम ने कार्यकर्ताओं का स्वागत स्वीकार कर उनके दिलों पर अमिट छाप छोड़ दी है। जो सराहनीय है। जिन्होंने न केवल कार्यकर्ताओं से बल्कि आम लोगो से भी सुरक्षा को दरकिनार कर सीधे बातचीत की।

### सैनी समालखा के माधव सृष्टि न्यास पहुंचे



**समालखा.** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को समालखा के माधव सृष्टि न्यास पहुंचे। जहां पर पाईट इंजीनियरिंग कॉलेज के हेलीपैड पर उनका स्वागत जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुके देकर किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का हाल-चाल भी जाना। इसके उपरांत सृष्टि समालखा (पट्टीकालयाणा )में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुँचे। माधव सृष्टी में 13,14,15 मार्च कों होने वाली तीन दिवसीय संघ की सबसे बड़ी बैठक की समीक्षा की गई। मिली जानकारी के अनुसार बैठक में संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में देशभर के करीब 1487 प्रतिनिधि जुटेंगे। बैठक में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम, सामाजिक चुनौतियों और संगठन विस्तार पर मंथन होगा। इस दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक चोबंद व्यवस्था की गई थी। पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह बैरिगेंटिंग कर नाके लगाए गए थे। मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, भाजपा नेता कृष्ण छोकर किवाना ने भी मुख्यमंत्री का बुके देकर देकर स्वागत किया।

## हरियाणा के राज्यपाल ने दस एंबुलेंस को प्रदेश के लिए किया रवाना

**चंडीगढ़.** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने गुरुवार को चंडीगढ़ से दस एंबुलेंस को प्रदेश के लिए रवाना किया। यह एंबुलेंस राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में तैनात होंगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने नौ अतिरिक्त एम्बुलेंस खरीदने के लिए एक करोड़ रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि हरियाणा रेडक्रॉस मानवीय कार्यों में अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हरियाणा के राज्यपाल के रूप में उनका सपना है कि राज्य के प्रत्येक जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी के पास कम से कम एक एम्बुलेंस हो, ताकि हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी जरूरतमंद लोगों को सेवाएं और त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में देश में अग्रणी बन सके। उन्होंने हरियाणा राज्य रेडक्रास के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी की संस्था को अग्रणी बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर प्रशंसा की। मिगलानी ने हरियाणा राज्य रेडक्रास को 10 नए रोगी वाहन तथा एक करोड रुपये 9 नए रोगी वाहनों के लिए भेंट करने पर राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।



### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में बड़ा खुलासा

## फर्जी फर्म/कंपनियां बनाकर पैसा किया जा रहा था ट्रांसफर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले की जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं। मुख्य आरोपियों द्वारा कई फर्जी कंपनियां बनाकर सरकारी धन को अवैध रूप से विभिन्न खातों में ट्रांसफर किया गया।

हरियाणा सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एडीजीपी चारू बाली तथा एसपी गंगाराम पूनिया ने गुरुवार को पंचकूला मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सरकारी विभागों के खातों से इसे इन फर्जी कंपनियों के खातों में अनधिकृत रूप से भेजा जाता था। इन कंपनियों में आर.एस. ट्रेडर्ज, कैप को फिनटैक सर्विस, एसआरआर प्लानिंग तथा स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट शामिल हैं।

एडीजीपी ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को एसवी एंड एसीबी थाना पंचकूला में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक तथा ए यू स्माल फाइनेंस बैंक के अज्ञात कार्मिकों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(2) सहपठित 13(1)(ड्) तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब तक की जांच में 8 विभागों के 12 बैंक खातों की संलिप्तता सामने आई है, जिनमें से 10 खाते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक,सेक्टर-32 चंडीगढ़ और 2 खाते एयू स्माल फाइनेंस बैंक में संचालित थे। इस मामले में 16 स्थानों पर छापेमारी की गई है। कुछ स्थानों से वीडियो फुटेज भी ली गई है। एडीजीपी ने बताया कि अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें 6 बैंक कर्मचारी, 4 निजी व्यक्ति और एक सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। इनमें से 10 आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं जबकि एक आरोपी पुलिस रिमांड पर है। इस दौरान संपत्तियों की खरीद से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। साथ ही 25 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच साइबर फॉरेंसिक लैब की सहायता से की जा रही है।

इसके अतिरिक्त 3 फॉर्च्यूनर, 2 इनोवा और 1 मर्सिडीज सहित 6 वाहन भी जब्त किए गए हैं, जिन्हें अपराध की आय से खरीदे जाने का संदेह है। जांच एजेंसी द्वारा अब तक 100 से अधिक बैंक खातों पर डेबिट फ्रीज लगाने की कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया है कि अभी तक 8 सरकारी विभागो में अनधिकृत लेन देन सामने आया है उनकी पहचान की जा चुकी है। अभी तक की जांच में कई सरकारी अधिकारी/ कर्मचारियों तथा निजी व्यक्तियों की संलिप्तता की भी पहचान की गई है । पुष्टि होने उपरांत विजिलेंस ब्यूरो द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही 10 संपत्तियों की पहचान की गई है, जिन्हें अपराध से अर्जित धन से खरीदे जाने का तार्किक तौर पर संदेह है।

#### नकली बैंक स्टेटमेंट के जरिए हुआ ट्रांजैक्शन

एडीजीपी ने बताया कि बैंक रिकॉर्ड में फर्जी डेबिट मेमो तैयार कर या बिना किसी वैध डेबिट मेमो/चेक के ही धनराशि ट्रांसफर की गई। इसके अलावा फर्जी बैंक स्टेटमेंट भी तैयार किए गए ताकि खातों से धन उन विभिन्न खातों में स्थानांतरित किया जा सके जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आरोपियों या उनके परिजनों से जुड़े हुए थे। जांच एजेंसी द्वारा बैंकों और संबंधित विभागों से बड़ी मात्रा में रिकॉर्ड प्राप्त हो चुका है और उसकी जांच की जा रही है इस मामले में विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा मांगी गई जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है व ही विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ उचित व प्रभावी सहयोग व समन्वय रखकर मामले की जांच की जा रही है।

## गौसेवा और श्रीमद्भागवत कथा दोनों मोक्ष दाता हैं : गीता मनीषी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**निसिंग.** श्री कृष्ण गोपाल गौशाला निसिंग में गोग्रास के लिए आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में ब्रज रसिक वृन्दावन धाम आचार्य प्रदीप गौड़ ने कंस वध और गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। जिसमे मुख्य यजमान बने प्रेम चंद सिंगला, सुभाष सिंगला और कृष्ण सिंगला ने विधिवत देव अर्चना की। कथा में महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज पहुंचे। जबकि मुख्यातिथि पदम सेन गुप्ता ने पहुंच गोग्रास के लिए 11 लाख की राशि दी। विशिष्ठ अतिथि सोहन सिंगला व संजय गुप्ता ने शिरकत की। कथा में सुनाया कि देवकी की आठवी संतान कृष्ण को मरने के लिए कंस ने कई असुरों को भेजा। सभी का कृष्ण ने वध कर दिया । अंत में, कृष्ण अक्रूर जी के साथ मथुरा पहुंचे। कृष्ण को मुस्कुराते हुए अपनी ओर आते देख कंस को अपनी जान का डर सताने लगा और भागने की कोशिश करने लगा। कृष्ण ने उसके बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया। उन्होंने चिल्लाकर कहा कि कंस राजा बनने के योग्य नहीं है और उसके सिर से मुकुट छीन लिया।अपने मामा कंस का वध करते हैं तथा अपने माता पिता को कारावास से मुक्त कराया। कंस वध के बाद भी भगवान ने कई लीलाएं की जो जीवों को मोक्ष देने के लिए हितकारी हैं। उन्होंने गोवर्धन पूजा का वृतांत भी सुनाया। भगवान कृष्ण ने इंद्र का अहंकार तोड़ने से जुड़ी है। द्वापर युग में, ब्रजवासी वर्षा के देवता इंद्र की पूजा करते थे, लेकिन कृष्ण ने प्रकृति (गोवर्धन पर्वत) की पूजा करने को कहा। क्रोधित होकर इंद्र ने भारी वर्षा की, तब श्री कृष्ण ने 7 दिनों तक गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की थी, जिससे इंद्र का घमंड टूटा। गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गरुड़ पुराण में गौ सेवा जीव को वैतरणी नदी से पार लगाती है। स्वयं भगवान कृष्ण ने बचपन में गोचारण कर सेवा की थी। गौ सेवा से सभी देवो की सेवा का पुण्य फल प्राप्त होता हैं। क्योंकि गोमाता के रोम रोम में देवो का वास है। इसी प्रकार श्रीमद भागवत कथा भी जीव को मोक्ष प्रदान करती है। भले ही जीव कितना ही बड़ा महापापी क्यों न हो। महाप्रेत दुष्ट धुंधुकारी को भी भागवत कथा के श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति हो गई थी। उन्होंने संत राहुल गिरी जी महाराज सहित अन्य के साथ गोशाला का भ्रमण किया।

## हेलीकॉप्टर में बारात लेकर पहुंचा दूल्हा

**करनाल.** करनाल के इंद्री रोड स्थित एक निजी मैरिज गार्डन में उस समय अनोखा नजारा देखने को मिला, जब अंबाला से एक दूल्हा अपनी बारात हेलीकॉप्टर से लेकर पहुंचा। हेलीकॉप्टर की लैंडिंग होते ही शादी समारोह में मौजूद लोगों का उत्साह बढ़ गया और माहौल पूरी तरह उत्सव में बदल गया। इस खास पल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां जुट गए। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था। अंबाला के गांव पंजोखड़ा निवासी गुरसेवक पेशे से एडवोकेट है। उसके पिता सर्वजीत सिंह शंकर प्रॉपर्टी डीलर हैं।

गुरसेवक का विवाह करनाल की इंदिरा कालोनी निवासी चार्टेड अकाउंटेंट मिनाक्षी के साथ तय हुआ था। लाख रुपए खर्च किए- यह अरेंज मैरिज है। दूल्हा गुरसेवक हेलीकॉप्टर से करनाल पहुंचा। बताया गया कि हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने में करीब 6 लाख रुपए खर्च किए गए। दूल्हे गुरसेवक ने बताया कि उसके पिता सर्वजीत सिंह शंकर का सपना था कि उनका बेटा हेलीकॉप्टर से अपनी बारात लेकर जाए। परिवार ने मिलकर यह सपना पूरा किया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर में उनके साथ बहन, जीजा और भांजी भी आई हैं। वापसी में उनके पिता भी हेलीकॉप्टर से जाएंगे। वहीं बाकी बारात गाड़ियों से करनाल पहुंच रही है। हेलीकॉप्टर से उतरते ही दूल्हे गुरसेवक का जोरदार स्वागत किया गया। दुल्हन की बहनों यानी सालियों ने आगे बढ?र दूल्हे का मुंह मीठा कराया और पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। साली रेणु और सोनिया ने बताया कि उनके जीजा हेलीकॉप्टर से आए हैं, जिससे शादी में अलग ही माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि उनकी बहन मिनाक्षी अब हेलीकॉप्टर से ही अपनी ससुराल जाएगी।

### गैस की भारी किल्लत बनी जनता के लिए परेशानी का सबब: रामचंद्र गुर्जर

**कैथल.** कांग्रेस कमेटी कैथल जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि देश व प्रदेश में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत, कालाबाजारी और दामों में की गई बढ़ोतरी ने जनता की कमर तोडऩे का काम किया है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कैथल कांग्रेस कार्यालय में बातचीत करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के दावे पूरी तरह से खोखले साबित हो रहे हैं। एक तरफ सरकार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है, वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें इस दावे की पोल खोल रही हैं। पहले ही महंगाई की मार से पीड़ित जनता को राहत देने की बजाए सरकार ने गैस के दाम में वृद्धि कर जनता से धोखा किया है। कांग्रेसी नेता रामचंद्र गुर्जर ने आरोप लगाया कि गैस की कमी का फायदा उठाकर कुछ लोग कालाबाजारी कर रहे हैं, जिससे आम लोगों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता को भ्रमित करने की बजाय बाजार में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि लोगों को हो रही परेशानी से राहत मिल सके। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि गैस की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए और गैस एजेंसियों की नियमित जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

### माता मनसा देवी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे

## श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन





पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** माता मनसा देवी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक साध्वी शक्तिपुरी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि बालरूप में भगवान श्रीकृष्ण ने अनेक राक्षसों का उद्धार किया और धरती को दुष्ट शक्तियों से मुक्त किया।

साध्वी शक्तिपुरी जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने मात्र छह दिन की अवस्था में ही राक्षसी पूतना का संहार कर यह संदेश दिया कि ईश्वर की शक्ति असीम और अद्भुत होती है।

उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति और मंत्र साधना सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान का श्रेष्ठ मार्ग है। कथा में उन्होंने सादा जीवन और उच्च विचार अपनाने का संदेश भी दिया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसपान किया। इस धार्मिक आयोजन की आयोजक पिंकी दनोदा पत्नी ओमप्रकाश दनोदा हैं। कथा में पूर्व मेयर उपिंद्र कौर आहलुवालिया भी विशेष रूप से पहुंचीं और कथा का श्रवण कर आशीर्वाद लिया।

# तलाक और तृषा के साथ अफेयर की चर्चाओं पर विजय ने तोड़ी चुप्पी



एक्टर और राजनेता थलापति विजय इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। वजह है उनकी पर्सनल जिंदगी। विजय की पत्नी ने संगीता सोरनलिंगम ने 26 साल के वैवाहिक जीवन के बाद विजय से तलाक के लिए अर्जी डाली है। उन्होंने विजय के एक अभिनेत्री से अफेयर की बात कही है। इसके बाद विजय का नाम एक्ट्रेस तृषा कृष्णन के साथ जोड़ा जाने लगा। इस बीच हाल ही में विजय तृषा के साथ एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। वहीं विजय की फिल्म 'जन नायकन' को लेकर भी विवाद अभी तक थमा नहीं है। इस बीच अब विजय ने अपने आसपास की हाल ही की समस्याओं पर बात की है।

ये मुद्दे आपके परेशान होने के लिए नहीं हैं

अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बने थलापति विजय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह वीडियो चेन्नई में उनकी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कजगम' (टीवीके) के महिला दिवस कार्यक्रम का है। इस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विजय ने अपनी हालिया समस्याओं को लेकर बात की। वीडियो में विजय अपने प्रशंसकों से अपील करते हुए दिख रहे हैं कि वे उनकी समस्याओं के कारण दुखी या तनावग्रस्त न हों। उन्होंने कहा, 'कृपया मेरे आसपास की हाल की समस्याओं के बारे में चिंता न करें। ये मुद्दे आपके समय के लायक नहीं हैं। मैं इन्हें खुद संभाल लूंगा। मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है, जब आप मेरी समस्याओं के कारण दुखी या तनावग्रस्त होते हैं। कृपया मेरे लिए यह बोझ न उठाएं। इसके बजाय, लोगों के कल्याण पर ध्यान दें।'

## पत्नी ने दायर की विजय से तलाक की याचिका

विजय की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई हैं, जब उनका निजी जीवन ऑनलाइन और मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ समय पहले ही उनकी पत्नी संगीता सोरनलिंगम ने 26 साल के वैवाहिक जीवन के बाद विजय से तलाक के लिए याचिका दायर की थी। विजय और संगीता का विवाह अगस्त 1999 में हुआ था और उनके दो बच्चे हैं – जेसन संजय और दिव्या शशा। पत्नी ने याचिका में आरोप लगाया गया है कि विजय का एक महिला अभिनेत्री के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। याचिका के अनुसार, संगीता को इस कथित संबंध के बारे में 2021 में पता चला। संगीता ने बाद में निवास सुरक्षा और आर्थिक सहायता के लिए एक और याचिका दायर की।

## तृषा के साथ कार्यक्रम में पहुंचे विजय

पत्नी के आरोपों के बाद विजय का नाम तृषा कृष्णन के साथ जोड़ा जाने लगा। तृषा और विजय का नाम इससे पहले भी जोड़ा गया था। हालांकि, बाद में दोनों का रिश्ता खत्म हो गया, लेकिन तृषा ने अभी तक शादी नहीं की है। ऐसे में जब पत्नी ने ये आरोप लगाए, तो सोशल मीडिया पर एक बार फिर तृषा का नाम विजय के साथ जोड़ा जाने लगा। इन आरोपों के बीच विजय तृषा के साथ फिल्म निर्माता कलपथी सुरेश और मीनाक्षी के बेटे के विवाह समारोह में पहुंचे। विजय और तृषा एक ही कार में समारोह में पहुंचे और साथ ही वहां से जाते हुए भी देखे गए। इसके बाद संगीता ने एक नई याचिका भी दायर की है।



# ताहिर राज भसीन ने पूरी की अपनी आगामी अनाम फिल्म की शूटिंग



अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है।

## दिखाई शूटिंग की झलक

ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं।

## सभी का जताया आभार

तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से अधिकऊर्जावान क्रू, असिस्टेंट्स और शानदार सह-कलाकारों का इस मस्ती और शानदार सफर के लिए धन्यवाद।'

## अभी सामने नहीं आया फिल्म का नाम

हालांकि, अभी तक फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। न ही फिल्म की कहानी के बारे में कोई अधिक जानकारी सामने आई है। तस्वीरों में दिखी झलक से पता चलता है कि इस फिल्म में ताहिर राज भसीन के साथ सैयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह विक्रम फडनिस की हिंदी फिल्म निर्देशक के रूप में पहली फिल्म है।



# तापसी पन्नू ने विद्या बालन को बताया अपना 'हीरो'

हिंदी सिनेमा में हर कलाकार को किसी न किसी से प्रेरणा मिलती है, जिसकी मेहनत और काम देखकर वह आगे बढ़ने की हिम्मत पाता है। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू के लिए ऐसी ही प्रेरणा विद्या बालन हैं। तापसी ने बताया कि विद्या बालन की फिल्मों ने उनके सोचने का तरीका बदल दिया। उन्होंने कहा कि जब वह हिंदी फिल्मों में अपना करियर शुरू कर रही थीं, तब विद्या बालन की कुछ फिल्मों ने उन्हें यह भरोसा दिया कि महिला कलाकार भी मजबूत कहानियों के साथ लंबे समय तक इंडस्ट्री में टिक सकती हैं। तापसी ने कहा, ''विद्या बालन ने सिर्फ फिल्मों में अभिनय नहीं किया, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि एक अभिनेत्री अपने दम पर कहानी को आगे बढ़ा सकती है। मेरे लिए विद्या बालन एक हीरो हैं। उनकी फिल्मों ने मुझे प्रेरित किया। जब मैंने 'द डर्टी पिक्चर' और 'कहानी' जैसी फिल्में देखीं, तो महसूस हुआ कि सिनेमा में महिलाओं के लिए भी मजबूत और अलग तरह की कहानियां बन सकती हैं। अगर ये फिल्में उस समय नहीं आई होतीं, तो शायद मेरे जैसे कई कलाकारों को यह विश्वास ही नहीं होता कि वे भी लंबे समय तक इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''उस समय मैं हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी और अक्सर यह सवाल मन में आता था कि एक अभिनेत्री का करियर कितने समय तक चल सकता है पर विद्या बालन की फिल्मों को सफल होते देख मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उनकी फिल्मों ने बताया कि कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा में अभिनेत्री भी मुख्य भूमिका निभा सकती हैं और फिल्म की सफलता का केंद्र बन सकती हैं।''

दरअसल, विद्या बालन को हिंदी सिनेमा में महिला प्रधान फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिछले दो दशकों में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया है, जिनमें कहानी का पूरा भार उनके किरदार पर टिका होता है। 'नो वन किल्ड जेसिका', 'तुम्हारी सुलु' और 'शेरनी' जैसी फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए और अभिनय के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी फिल्मों ने साबित किया कि बॉलीवुड में सिर्फ बड़े हीरो ही नहीं, बल्कि अच्छी कहानी और दमदार अभिनय भी फिल्म को सफल बना सकते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि तापसी पन्नू और विद्या बालन एक साथ काम कर चुकी हैं। दोनों कलाकारों ने साल 2019 की चर्चित फिल्म 'मिशन मंगल' में एक साथ अभिनय किया था। इस फिल्म की कहानी भारत के ऐतिहासिक मार्स ऑर्बिटर मिशन से प्रेरित थी और इसमें वैज्ञानिकों की उस टीम को दिखाया गया था, जिसने इस मिशन को सफल बनाया। फिल्म में तापसी और विद्या दोनों ने वैज्ञानिकों का किरदार निभाया था।



# किआरा आडवाणी नहीं होगी 'मधुबाला' की बायोपिक का हिस्सा



भारतीय सिनेमा की सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक मधुबाला की बायोपिक काफी वक्त से चर्चा का विषय बनी हुई है। बीच में ऐसी चर्चाएं थीं कि किआरा आडवाणी इस बायोपिक में मधुबाला की भूमिका निभाएंगी। जबकि संजय लीला भंसाली इस फिल्म का निर्माण करेंगे। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि किआरा इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। इंडस्ट्री से जुड़े एक अदरूनी सूत्र ने इस खबर को खारिज किया है। सूत्र ने बताया कि संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित मधुबाला की बायोपिक में किआरा आडवाणी के अभिनय की खबरों में कतई सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह निराधार और अटकलबाजी पर आधारित हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन यह बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के. रीन करेंगी। जसमीत ने आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा स्टारर ब्लैक कॉमेडी-ड्रामा 'डार्लिंग्स' का भी निर्देशन किया था।

# फिल्मों में बढ़ते खून-खराबे के ट्रेंड पर नाराज हुई करीना कपूर खान

**करीना कपूर ने बॉलीवुड फिल्मों में बदलते ट्रेंड को लेकर अपनी राय रखी है और आजकल की फिल्मों के कॉन्सेप्ट पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि कैसे आज की फिल्में पुरानी के मुकाबले काफी अलग हैं।**



## खून-खराबे के ट्रेंड पर जाहिर की चिंता

करीना कपूर खान ने हाल ही में फिल्मों में बढ़ती हिंसा और खून-खराबे के ट्रेंड पर अपनी चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि आजकल की कई फिल्मों में पहले जैसी मस्ती, रंग, गाने और रोमांस की कमी महसूस होती है। हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में करीना ने कहा कि मौजूदा समय में कई फिल्में ज्यादा 'क्राइम और खून' पर ज्यादा फोकस करती हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की फिल्मों में पहले जैसा मनोरंजन, एनर्जी, रंग और रोमांस देखने को कम मिलता है, जो कभी बॉलीवुड की पहचान हुआ करता था। करीना ने यह भी माना कि सिनेमा में बढ़ती 'हाइपर-मस्कुलिनिटी' यानी अत्यधिक मर्दानगी दिखाने का चलन उन्हें थोड़ा डराता है। उनका मानना है कि फिल्में सिर्फ एक्शन और हिंसा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनमें प्यार, म्यूजिक और भावनाएं भी उतनी ही जरूरी हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान जल्द ही निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।



# एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज?

**एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है।**

## एंगेज्ड सीजन 2 के नए एपिसोड का है वीडियो

दरअसल, रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एल्विश ने एक घुटने पर बैठकर, हाथ में लाल गुलाब लेकर जिया को प्रपोज किया। एल्विश ने जिया से पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' इस पर जिया ने जवाब दिया, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं और तुमसे शादी करूंगी।' दोनों का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद कई फैंस दोनों को बधाई भी दे रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्रस्ताव शो के लिए रचा गया था। कहानी में आगे क्या होता है, यह जानने के लिए दर्शकों को आगामी एपिसोड का इंतजार करना होगा।

## जिया ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में की थी बात

इससे पहले फ्री प्रेस जर्नल के साथ बातचीत में जिया शंकर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में बात की थी। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया था। एल्विश के साथ अपनी सगाई की प्रमोशनल पोस्ट से मचे बवाल पर टिप्पणी करते हुए जिया ने कहा था कि उनके परिवार और उनके बॉयफ्रेंड के परिवार दोनों को इस दृश्य की जानकारी थी। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।



## लॉफ्टर शेफ 3 में नजर आ रहे एल्विश

एल्विश यादव इन दिनों रियलिटी शो 'लॉफ्टर शेफ' के तीसरे सीजन में नजर आ रहे हैं। इस बार उनकी जोड़ी फिर से करण कुंद्रा के साथ बनी हुई है। दोनों को शो में काफी पसंद किया जा रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com